हिंदी कार्यशाला

वैंकटेश्वर विद्यालय सेक्टर 10 द्वारका

दिनांक **23** नवंबर **2012** को श्री वैंकटेश्वर पब्लिक स्कूल सेक्टर 10 द्वारका में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सुश्री संयुक्ता लूथरा वक्ता के रूप में उपस्थित थीं। निर्धारित समय पर गुरू वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और तदुपरांत संयुक्ता जी ने हिंदी भाषा शिक्षण में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की साथ ही यह भी बताया गया कि अध्यापिका वर्णमाला का प्रभावशाली रूप से ज्ञान करा सकती है। उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में मौखिक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन की भी चर्चा की गई। मात्राएँ, अनुस्वार, अनुनासिक का अंतर, दीर्घ व ह्रस्व में अंतर आदि कैसे स्पष्ट किए जाए यही चर्चा का विषय रहा। मध्यांतर के पश्चात ई बुक से परिचय कराया गया। श्रुतलेख, सही उच्चारण व अभ्यास के लिए इन ई बुक्स का प्रयोग कक्षा में प्रभावी शिक्षण हेतु किया जा सकता है। कुछ नई पुस्तकों से परिचय भी कराया गया और सभी शिक्षिकाओं ने पुस्तकें देखीं।